समाचार

# आज फिर दो स्थानों पर अतिक्रमण के प्रयास को विफल किया निगम अमले ने



कोरबा 25 मई 2021 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अवैध कब्जे व अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार कार्यवाही करने के बावजूद भी अतिक्रमणकारी अतिक्रमण करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज दर्री जोनांतर्गत वार्ड क्र. 52 में अतिक्रमण करने की शुरूआत की जा रही थी, जिसकी जानकारी मिलते ही निगम के दर्री जोन का अमला मौके पर पहुंचा तथा अतिक्रमण होने से रोका गया। साथ ही हिदायत दी गई कि अवैध कब्जा व अतिक्रमण न करें अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार वार्ड क्र. 32 में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण किया जा रहा था, जिसे निगम अमले द्वारा रोका गया तथा सामग्री जप्ती की कार्यवाही की गई।

**लाकडाउन उल्लंघन पर 2200 रूपये अर्थदण्ड**– लाकडाउन के उल्लंघन, मास्क न पहनने व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने आदि प्रकरणों पर निगम अमले द्वारा आज 2200 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालको जोनांतर्गत 1100 रूपये, सर्वमंगला जोनांतर्गत 600 रूपये एवं टी.पी. नगर जोनांतर्गत 500 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया।